RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 208 | नागौर, 02 जुलाई, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# राजस्थान समेत 12 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली.

देश के ज्यादातर राज्यों में दक्षिण-पश्चिम मानसून एक्टिव हो गया है। जिन इलाकों में अब तक मानसून नहीं पहुंचा है, अगले कुछ दिनों में वहां भी मानसून की एंट्री हो जाएगी। मुंबई और राजस्थान में झमाझम बारिश हो रही है। भोपाल में शुक्रवार को ढाई घंटे में सवा तीन इंच पानी गिरा। कई जगह पेड़ गिर गए और सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई।

**कहीं मध्यम तो कहीं तेज बारिश का अलर्ट**-मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब-हरियाणा में कहीं-कहीं मध्यम, तो कहीं भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, पूर्वी राजस्थान, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, कोंकण और गोवा, तटीय कर्नाटक और उत्तरी केरल के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है।

## प्रदेश में दो दिन से मेहरबान मानसून

### जयपुर में तीन घंटे तक लगातार बरसात; सीकर में रेलवे ट्रैक डूबा, 17 शहरों में अलर्ट

जयपुर.

गर्मी की मार झेल रहे लोगों का बारिश का इंतजार खत्म हो गया है। प्रदेश के लगभग पूरे हिस्से में मानसून एक्टिव होने से बीते 24 घंटे से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। पूर्वी राजस्थान से एंट्री करने वाले मानसून से बीते 24 घंटे में चार इंच से ज्यादा बारिश हुई है। राजधानी सहित पांच जिलों में सबसे अधिक बरसात हुई है। वहीं, सीकर में रेलवे ट्रैक डूबने से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, अब तक रेल यातायात सामान्य है। जयपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में पानी जमा हो गया है। मौसम केन्द्र जयपुर का कहना है कि लगातार बारिश का यह सिलसिला अगले तीन दिन तक जारी रह सकता है।

राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां बीती शाम से शुक्रवार दोपहर तक कई हिस्सों में रूक-रूक कर बारिश हुई। जयपुर कलेक्ट्रेट पर पिछले 12 घंटे के दौरान 52एमएम बारिश के बाद शहर सीकर रोड, एमआई रोड समेत कई जगह शहर में पानी भर गया। जयपुर जिले में सबसे ज्यादा 89एमएम बरसात दिल्ली रोड पर पावटा में हुई। जयपुर शहर में तेज बारिश के बाद माधोराजपुरा, चौंमू, शाहपुरा, बस्सी, नरैना में भी 2 इंच बारिश हुई।

### सीकर में रेल पटरियां डूबी

सीकर जिले में भी आज जबरदस्त बारिश हुई। सीकर शहर में पिछले 24 घंटे के दौरान 85एमएम बारिश होने से सीकर जंक्शन पर रेल पटरियां पानी में डूब गई। नवलगढ़ रोड पर घुटनों तक पानी भरने के कारण पैदल, टू व्हीलर व छोटे फोर व्हीलर चालकों को आने-आने में परेशानी हुई। सीकर शहर के अलावा फतेहपुर में 46, श्रीमाधोपुर में 43, नीमकाथाना में 41 और दांतारामगढ़ में 34एमएम बारिश हुई।

### अब आगे क्या?

जयपुर मौसम केन्द्र ने आज टोंक, कोटा, बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमंद, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, धौलपुर, चित्तौड़गढ़, दौसा, सवाई माधोपुर, उदयपुर, सिरोही, प्रतापगढ़ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 2 और 3 जुलाई को अजमेर, भरतपुर, सीकर, धौलपुर, करौली, कोटा, बूंदी, बारां, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सवाई माधोपुर समेत कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। 4 जुलाई से राज्य में बारिश का दौर धीमा पड़ सकता है।



# सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा और पुलिस को लगाई जमकर फटकार

## कहा- बयान से हुई देश में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं

नयी दिल्ली।

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निलंबित नेता नुपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ "व्यथित करने वाली" टिप्पणी को लेकर उन्हें शुक्रवार को फटकार लगाते हुए कहा कि इस बयान के कारण देश में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुईं। न्यायालय ने कहा कि शर्मा ने पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी या तो सस्ता प्रचार पाने के लिए या किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत या किसी घृणित गतिविधि के तहत की।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी के लिए विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने की शर्मा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी।

पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, "ये बयान बहुत व्यथित करने वाले हैं और इनसे अहंकार की बू आती है। इस प्रकार के बयान देने से उनका क्या मतलब है? इन बयानों के कारण देश में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुईं... ये लोग धार्मिक नहीं हैं। वे अन्य धर्मों का सम्मान नहीं करते। ये टिप्पणियां या तो सस्ता प्रचार पाने के लिए की गईं अथवा किसी राजनीतिक एजेंडे या घृणित गतिविधि के तहत की गईं।

### टीवी पर माफी मांगें नूपुर : सुप्रीम कोर्ट



### देश का माहौल खराब कर रही आरएसएस और भाजपा : राहुल

नई दिल्ली

नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा इस देश में माहौल को खराब कर रही है। देश इस वक्त सांप्रदायिक दंगों से जूझ रहा है। जबकि कांग्रेस पार्टी देश के लोगों को जोड़ने का काम करती है। केरल के तीन दिवसीय दौरे पर वायनाड पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस देश में माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। आरएसएस और भाजपा इस देश में माहौल को खराब कर रही है। देश इस वक्त सांप्रदायिक दंगों से जूझ रहा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह बयान नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद आया है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा के पैगंबर वाले बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि उदयपुर की घटना की जिम्मेदार नूपुर शर्मा ही हैं।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 191.50 रु सस्ता

जयपुर.



राजस्थान में महंगाई से लोगों को मामूली राहत आज मिली है। तेल-गैस कंपनियों ने आज कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 191.50 रुपए की कमी है। इस कमी के साथ आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर जयपुर में 2046.50 रुपए में बाजार में मिल रहा है। हालांकि घरेलू रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन ऑफ राजस्थान के महासचिव कार्तिकेय गौड़ ने बताया कि आज तेल-गैस कंपनियों कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। इस कमी के बाद जयपुर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 2238 से कम होकर 2046.50 रुपए प्रति सिलेंडर हुई है। उन्होंने बताया कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है। 14.2 किलोग्राम का रसोई गैस सिलेंडर अब भी बाजार में 1006.50 रुपए में मिल रहा है।

**एक महीने में दूसरी बार कमी**- कंपनियों ने इससे पहले 1 जून को भी कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की थी। तब 19 किलो के कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 126.50 रुपए कम हुए। इस तरह 30 दिन के दौरान कॉमर्शियल गैस सिलेंडर में कंपनियों ने कुल 318 रुपए की कमी की है।

# उदयपुर हत्याकांड का 26/11 कनेक्शन

## मर्डर में खास नंबर वाली बाइक का इस्तेमाल; किश्तों में खरीदी थी, 5 हजार में नंबर लिया था

उदयपुर.

कन्हैयालाल का मर्डर सोची समझी साजिश थी। अब इस पूरे मामले में आरोपियों की जिहादी सोच का भी खुलासा हुआ। रियाज की नफरत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी बाइक का नंबर 2611 था। यह नंबर मुंबई आतंकी हमले की तारीख से जुड़ा हुआ है। रियाज ने बाइक भले ही किश्तों में ली हो, लेकिन यह नंबर लेने के लिए आरटीओ को पांच हजार रुपए एक्स्ट्रा फीस दी थी।

अब तक जांच में इस गाड़ी का नंबर सामने आया, लेकिन भास्कर टीम ने पड़ताल की तो रियाज की वह बाइक भी सामने आई, जिससे वह गौस के साथ कन्हैयालाल का मर्डर करने पहुंचा था। ऐसे में इस गाड़ी का नंबर इशारा कर रहा है कि वह मुंबई आतंकी हमले से प्रभावित थे।

### अपनी पहचान छिपाने के लिए घर बदलता रहा

रियाज चाहता था कि उसे कम लोग पहचाने। इसलिए, वह लगातार घर बदलता रहता था। 2011 में हमले के बाद रियाज ने 2013 में बाइक खरीदी थी। जब रियाज ने बाइक खरीदी, तब वह फिरोज खान के मकान में किराए से रहता था। अपनी पसंद का नंबर लेने के लिए 5 हजार रुपए प्रीमियम भी जमा कराया था। इसके भी डॉक्यूमेंट सामने आए हैं। इसमें बाइक रियाज के नाम से रजिस्टर्ड है। बताया जा रहा है कि आरजे 27 एएस 2611 एएस नाम की इस बाइक से रियाज को काफी लगाव था। इसलिए, मर्डर करने के लिए भी इसी बाइक से गौस के साथ आया था। इसके बाद इसी बाइक से दोनों फरार हुए थे। हालांकि पुलिस ने अब बाइक को जब्त कर लिया है। लेकिन, जांच एजेंसियां इस नंबर के पीछे की कहानी और फैक्ट जुटाने में लगी है।



# देश में कोरोना के 17 हजार से अधिक नए केस मिले

## उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,07,189

नयी दिल्ली।

भारत में कोविड-19 के 17,070 से अधिक नए मामले सामने आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,34,69,234 हो गयी है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,07,189 हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 23 मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या 5,25,139 पर पहुंच गयी है। आंकड़ों के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,07,189 पर पहुंच गयी है जो संक्रमण के कुल मामलों का 0.25 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 के मरीजों के स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.55 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 3.40 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 3.59 प्रतिशत दर्ज की गयी। इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,28,36,906 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.21 फीसदी है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 197.74 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

# देर रात 32 आईपीएस बदले, उदयपुर आईजी और एसपी को हटाया

जयपुर.

उदयपुर हत्याकांड के बाद सीएम अशोक गहलोत गुरुवार को उदयपुर पहुंचे। कन्हैयालाल के परिजनों से मुलाकात की। इस बीच देर रात करीब 1 बजे उदयपुर रेंज आईजी हिंगलाजदान और एसपी मनोज कुमार दोनों को हटा दिया गया है। इसके साथ ही 32 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर 10 जिलों के एसपी को बदला है। रेंज आईजी हिंगलाजदान और एसपी मनोज कुमार दोनों को हटा दिया गया। अब प्रफुल्ल कुमार उदयपुर के आईजी होंगे, जबकि एसपी विकास शर्मा को लगाया है। शर्मा पहले अजमेर में एसपी थे। हैरत की बात है कि हिंगलाजदान को अब ह्यूमन राइट्स का जिम्मा दिया गया है। बता दें कि उदयपुर में लापरवाही बरतने पर एसएचओ गोविंद सिंह व एएसआई भंवरलाल को सस्पेंड किया जा चुका है। खास बात है कि दोपहर को एसएचओ को एसपी मनोज कुमार ने सस्पेंड किया था, लेकिन देर रात सरकार ने उन्हीं को हटा दिया। कुल 10 जिलों के एसपी बदले गए हैं।



## सम्पादकीय

# गरीब की चिंता

**सेवा** क्षेत्र में काम करने वाले अस्थायी कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को लेकर नीति आयोग की चिंता वाजिब है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सरकार को सुझाव दिया है कि सेवा क्षेत्र में काम कर रहे लाखों लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। आयोग की यह पहल महत्त्वपूर्ण इसलिए है कि देश में करोड़ों लोग छोटी-मोटी अस्थायी नौकरियों और काम धंधों में लगे हैं। ऐसे लोगों की आमद भी ज्यादा नहीं है। बड़ी संख्या में लोग दिहाड़ी पर काम कर रहे हैं। काम के घंटे और जोखिम भी कम नहीं हैं। और सबसे बड़ी चिंता की बात यह कि इन कामगारों के पास पेंशन, चिकित्सा सुविधा या ऐसी ही अन्य सुविधा के नाम पर किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा नहीं है। ऐसे में नियोक्ता इन्हें कभी भी हटा देते हैं। कोई बीमा सुविधा भी नहीं। दुख-बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में कहीं कोई चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती। जरूरत पड़ने पर छुट्टी भी नहीं मिल पाती। जहां मिल जाती है वहां वेतन काट लिया जाता है। नौकरी पक्की नहीं होती, इसलिए पेंशन या ग्रेच्युटी का तो कोई मतलब ही नहीं रह जाता। जाहिर है, ऐसे मुश्किल हालात और असुरक्षा में नौकरी कर पाना आसान नहीं होता। ऐसे में नीति आयोग का ध्यान अगर करोड़ों लोगों के कल्याण पर गया है, तो यह सराहनीय भी है।

भारत में ऐसे कामगारों की आबादी तेजी से बढ़ रही है जिनके पास पक्की नौकरी नहीं है। यह हालत सिर्फ सेवा क्षेत्र में ही नहीं, दूसरे क्षेत्रों में भी है। वैसे भी असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों लोग हैं जो बेहद कम पैसे में काम करते हैं और सरकारी कल्याण योजनाओं तक उनकी पहुंच भी नहीं होती। इसलिए किसी तरह का काम या नौकरी करने वाले की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना एक कल्याणकारी सरकार का उत्तरदायित्व भी है। लेकिन विडंबना यह कि आबादी का बड़ा हिस्सा बिना सामाजिक सुरक्षा के जीने को मजबूर है।

नीति आयोग ने रिपोर्ट में साफ कहा है कि सेवा क्षेत्र में काम करने वाले अस्थायी कर्मचारियों को बिना पैसा काटे छुट्टी, बीमारी के दौरान छुट्टी, चिकित्सा सुविधा, बीमा और सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले पेंशन और ग्रेच्युटी जैसे लाभ दिए जाने चाहिए। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि आयोग ने यह सुझाव ऐसे वक्त में दिया है जब सरकारें आर्थिक बोझ का हवाला देते हुए कर्मचारियों पर किए जाने वाले ऐसे जरूरी खर्चों में न केवल कटौती कर रही हैं, बल्कि इन्हें बंद करने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का बड़ा योगदान है। पर्यटन और होटल उद्योग जैसे कई दूसरे क्षेत्र भी इससे जुड़े हैं। पिछले कुछ सालों में तो सेवा क्षेत्र का दायरा बढ़ा है। कोरोना महामारी के दौरान दो वर्षों के भीतर रोजगार के नए क्षेत्र भी सामने आए। इनमें सबसे ज्यादा घरों में खाने-पीने की चीजों से लेकर हर तरह के सामान की आपूर्ति करने वाले भी शामिल हैं। ओला, उबर जैसी कंपनियों ने परिवहन के क्षेत्र में काम जमाया और लाखों लोगों को रोजगार दिया। शहरों में इस तरह का रोजगार ज्यादा बढ़ा है। एक बात यह भी कि इस तरह के रोजगारों में शिक्षित नौजवान भी कम नहीं हैं। नीति आयोग का अनुमान है कि इस दशक के अंत तक देश में ऐसे कामगारों की संख्या ढाई करोड़ तक पहुंच जाएगी। ऐसे में इतनी बड़ी आबादी अगर बिना किसी सामाजिक सुरक्षा के नौकरी करने को मजबूर होगी, तो यह लोगों को सामाजिक-आर्थिक लिहाज से बड़े जोखिम में धकेलने जैसे होगा।


# सौर तूफान के खतरे

**वैज्ञानिकों का मानना है कि सूरज और पृथ्वी के बीच अंतरिक्ष में एक विशालकाय बुलबुले का निर्माण करके सूरज से आने वाले खतरनाक विकिरणों को धरती पर पहुंचने से रोका जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे विनाश को रोकने के लिए मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एमआइटी) के वैज्ञानिकों ने सूर्य और पृथ्वी के बीच अंतरिक्षीय बुलबुला यानी 'स्पेस बबल' बनाने का प्रस्ताव रखा है। यह बुलबुला ब्राजील के आकार का होगा। इसका नाम 'इन्फ्लेटेबल बबल' (हवा में तैरने वाला बुलबुला)होगा। इसे तरल सिलिकान से बनाया जाएगा और सूरज व पृथ्वी के बीच अंतरिक्ष में स्थापित किया जाएगा। सूरज से आने वाले खतरनाक विकिरण इस बुलबुले से टकरा कर परावर्तित हो जाएंगे और धरती तक नहीं पहुंच पाएंगे। अगर यह प्रयोग कामयाब हो गया, जैसा कि वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं, तो धरती के लिए यह एक बड़ा सुरक्षा कवच साबित होगा। हालांकि सूरज से आने वाले विकिरणों को इस बुलबुले के जरिए भी पूरी तरह से रोक पाना संभव नहीं होगा, पर इसे कम जरूर किया जा सकेगा।**

**पिछले** दिनों सूरज पर मौजूद एक धब्बे में भयानक विस्फोट की तस्वीरें सामने आईं। इस विस्फोट को पृथ्वी के लिए खतरे के रूप में देखा जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस विस्फोट से निकलने वाले विकिरण धरती पर भू-चुंबकीय तूफान का कारण बन सकते हैं। इससे इलेक्ट्रानिक उपकरणों के खराब होने का खतरा और बढ़ जाता है। आग उगलते सूरज को देख कर तो लगता है कि ताप युग की शुरुआत हो गई है। पिछले एक दशक से पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके लिए सूर्य में हो रहे ताप संबंधी बदलाव जिम्मेदार हैं। प्राकृतिक चेतावनियों से स्पष्ट है कि प्रकृति के साथ मानवता के पुराने मैत्रीपूर्ण रिश्तों में दरार आ गई है। आज प्रकृति और विश्व शांति दोनों ही खतरे में हैं। बढ़ता वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) और परमाणु परीक्षणों व युद्धों से उत्पन्न होने वाले विकिरण आज मानव अस्तित्व के लिए कहीं ज्यादा बड़े खतरे बन गए हैं। वर्तमान में इलेक्ट्रानिक प्रौद्योगिकी व्यापक और शक्तिशाली होती जा रही है। यह सिलसिला आने वाले दशकों में भी जारी रहेगा। सूचना और संचार क्रांति ने भी अपना वर्चस्व कायम कर लिया है। लेकिन यह भी ब्रह्मांडीय खतरों से मुक्त नहीं है। अंतरिक्ष से भी सूरज से आने वाले विकिरण इसे प्रभावित करते हैं। इसलिए अब इस दिशा में भी वैज्ञानिक शोध हो रहे हैं कि कैसे सूर्य के विकिरणों से बचा जा सके।

अंतरिक्ष बुलबुला शोध परियोजना वैज्ञानिक जेम्स अर्ली के विचारों पर आधारित है जिन्होंने सबसे पहले अंतरिक्ष में एक विक्षेपी वस्तु तैनात करने का सुझाव दिया था। फिर खगोलविद रोजर एंजेल ने बबल-बेड़े का प्रस्ताव रखा। हालांकि जियो-इंजीनियरिंग एक विज्ञान कथा से कम नहीं लगती, लेकिन इसका इस्तेमाल वास्तविक दुनिया में सफलतापूर्वक हो रहा है। वैसे तो धरती का चुंबकीय क्षेत्र ही हमें सूरज से आने वाले विकिरणों से बचाता है, लेकिन सूरज पर उठने वाले तूफानों का असर धरती पर काफी पड़ता है। सूरज पर अनवरत उठते रहने वाले सौर तूफानों से गरम लपटें धरती के बाहरी वायुमंडल को गरम कर रही हैं। इसका असर उपग्रहों पर पड़ रहा है। सामान्य तौर पर सौर तूफान दस से बीस लाख मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलते हैं।

इसका असर अंतरिक्ष में दूर-दूर तक होता है। इन्हीं सौर लपटों के आवेशित कण अंतरिक्ष से होते हुए बेहद तेज गति से धरती की ओर आते हैं। जब ये धरती के चुंबकीय क्षेत्र से टकराते हैं तो प्रकाश के रूप में ऊर्जा उत्सर्जित करते हैं। इससे धरती का वायुमंडल गर्म हो जाता है और इसका सीधा असर जीपीएस, नेविगेशन, मोबाइल फोन और टीवी सिग्नलों पर पड़ता है। विद्युत लाइनों में करंट तेज हो जाने से ट्रांसफार्मर भी जल जाते हैं। सौर तूफान का असर पहली बार सन 1859 में देखा गया था। इस शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान ने यूरोप और अमेरिका में टेलिग्राफ नेटवर्क तबाह कर दिया था। इसके अलावा कम तीव्रता का एक सौर तूफान 1989 में भी आया था। माना जा रहा है कि पिछले तूफानों के मुकाबले अब भविष्य के सौर तूफानों की तीव्रता ज्यादा भयावह होगी जो अंतरिक्ष में चक्कर लगा रहे उपग्रहों को



प्रभावित करेंगे और हमारी संचार व्यवस्था व जीपीएस प्रणाली को ठप कर सकते हैं। आसमान से सूरज तो आग उगल ही रहा है, पराबैंगनी किरणें भी अब एक खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका स्तर औसत से तीन गुना और बढ़ गया है जो मनुष्य के लिए खतरनाक साबित होगा। ऐसे में कड़ी धूप में बाहर निकलने वालों की आंखों में जलन, मोतियाबिंद, त्वचा का कैंसर और अन्य बीमारियां होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से सूर्य पर काफी हलचल भरी गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। पिछले दिनों सूरज पर मौजूद एक धब्बे में भयानक विस्फोट की तस्वीरें सामने आईं। इस विस्फोट को पृथ्वी के लिए खतरे के रूप में देखा जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस विस्फोट से निकलने वाले विकिरण धरती पर भू-चुंबकीय तूफान का कारण बन सकते हैं। इससे इलेक्ट्रानिक उपकरणों के खराब होने का खतरा और बढ़ जाता है। भू-चुंबकीय तूफान एक प्रकार का सौर तूफान है जो पूरे सौरमंडल को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। यह धरती के चुंबकीय क्षेत्र पर असर करने वाली आपदा है। इस साल की शुरुआत में एलन मस्क की स्पेस कंपनी के चालीस उ पग्रह भू-चुंबकीय तूफान के शिकार हो गए थे। अंतरिक्ष मौसम के बारे में शोध करने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि 2020 से ही सौर-तूफान चक्र की शुरुआत हो चुकी है। आने वाले दिनों में पृथ्वी पर ऐसे ही कई सौर तूफान देखने को मिलेंगे। सौर तूफान के दौरान सूरज की सतह से 'ऊर्जा का गुब्बारा' फूटता है। इससे पृथ्वी पर विद्युत आवेश और चुंबकीय क्षेत्र की खेप आती रहती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सूरज पर लंबे समय तक ऐसी स्थिति देखने को नहीं मिली थी, लेकिन अब चक्र एक बार फिर शुरू हो चुका है। पृथ्वी पर ऐसे सौर तूफान की वजह से पावर ग्रिड और संचार व्यवस्था पर तो असर पड़ता ही है, प्राणियों के लिए भी यह खतरनाक है। इस तरह के सौर तूफान इंसानों पर घातक प्रभाव डालते हैं। सौर तूफान को लेकर वैज्ञानिकों की खोज भी सीमित रही है। पहले इसे इतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन हाल के वर्षों में कई देश अंतरिक्ष मौसम के बारे में ज्यादा गंभीर हुए हैं। भारतीय वैज्ञानिक भी इस दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सूरज से आने वाले विकिरणों को इस अंतरिक्ष बुलबुले की तकनीक से पूरी तरह तो नहीं रोका जा सकता, लेकिन कम जरूर किया जा सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। नौकरी या व्यवसाय में प्रतियोगिता का वातावरण रहेगा। किसी छोटी यात्रा के संयोग खड़े होंगे। भाई-बंधुओं के साथ मेल-जोल बना रहेगा। इससे लाभ भी होगा।

### वृषभ
मन की कमजोर स्थिति महत्वपूर्ण अवसरों से आपको दूर कर सकती है। आज नए काम का आरंभ करना उचित नहीं है। बातचीत में आपका लापरवाही पूर्ण व्यवहार संघर्ष खड़ा करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

### मिथुन
आज का दिन ताजगी और स्फूर्ति से परिपूर्ण रहेगा। उत्तम भोजन सुंदर वस्त्रालंकार और मित्रों-स्वजनों से आपका दिन खूब आनंद में गुजरेगा। दांपत्य जीवन में सुख-संतोष की भावना का अनुभव होगा।

### कर्क
परिवार में मनमुटाव के अवसर आएंगे, इसलिए मानसिक बेचैनी रहेगी। मन में दुविधा का अनुभव होगा, इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय टालना हितकर है। किसी के साथ गलतफहमी या वाद-विवाद होने की संभावना है।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा, परंतु मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। मित्रों से मुलाकात और लाभ होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। घर में मांगलिक काम होंगे।

### कन्या
नए काम शुरू करने के लिए आपकी योजनाओं को अमल में लाएं। व्यापार में लाभ होगा। बकाया पैसों की वसूली हो सकेगी। नौकरीपेशा वालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं। पिता से लाभ होगा।

### तुला
व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। लंबी यात्रा और किसी धार्मिक स्थल पर जाने कार्यक्रम बन सकता है। लेखनकार्य एवं बौद्धिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

### वृश्चिक
वाणी और व्यवहार पर आज संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कामों के अतिरिक्त नए काम हाथ में लेना उचित नहीं है। बीमार पड़ने के योग है। खान-पान में ध्यान रखें। आध्यात्मिक साधना के लिए समय अच्छा है।

### धनु
पार्टी, पिकनिक, प्रवास, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान आज के दिन की विशेषता होगी। मनोरंजन की दुनिया में विहार करेंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात सुखद रहेगा। दांपत्यजीवन में उत्तम सुख की प्राप्ति होगी।

### मकर
आज आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरल रहेगी। परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सहकर्मियों तथा अधीनस्थ लोगों का सहयोग मिलेगा।

### कुंभ
आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के संबंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशानी होगी। विचारों में तेजी से परिवर्तन के कारण मानसिक स्थिरता में खलल होगी। आज नए कामों का आरंभ न करना हितकर है।

### मीन
शारीरिक-मानसिक भय रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद होगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आ सकती है। नींद नहीं आने से परेशान रहेंगे। धन और कीर्ति की हानि होगी।

## व्यापार समाचार

# कच्चे तेल, डीजल, विमान ईंधन पर लगे कर की समीक्षा हर पखवाड़े : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि सरकार कच्चा तेल, डीजल-पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगाए गए नए करों की समीक्षा अंतरराष्ट्रीय कीमतों को ध्यान में रखते हुए हर पखवाड़े करेगी। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह एक मुश्किल वक्त है और वैश्विक स्तर पर तेल कीमतें बेलगाम हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा, ''हम निर्यात को हतोत्साहित नहीं करना चाहते लेकिन घरेलू स्तर पर उसकी उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर तेल उपलब्ध नहीं होगा और निर्यात अप्रत्याशित लाभ के साथ होता रहेगा तो उसमें से कम-से-कम कुछ हिस्सा अपने नागरिकों के लिये भी रखने की जरूरत होगी। सरकार ने शुक्रवार को ही पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर कर लगाने की घोषणा की। पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर छह रुपये प्रति लीटर और



डीजल के निर्यात पर 13 रुपये प्रति लीटर की दर से कर लगाया गया है। यह एक जुलाई से प्रभाव में आ गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन की तरह स्थानीय स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर भी कर लगाने की घोषणा की गई। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर 23,250 रुपये प्रति टन का कर लगाया गया है। राजस्व सचिव तरूण बजाज ने कहा कि नया कर सेज इकाइयों पर भी लागू होगा।

# वित्तीय सेवाएं देने वाली बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों से वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम : आरबीआई

मुंबई।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वित्तीय सेवाएं देने वाली बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा करती हैं। इसका कारण वित्तीय संस्थानों के साथ उनके जटिल आपसी संबंध हैं जो आर्थिक संकट पैदा कर सकते हैं और इसका परिणाम प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रभाव के रूप में भी सामने आ सकता है। केंद्रीय बैंक ने अपनी 25वीं वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा कि फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) के आने से बैंकिंग प्रणाली को नए जोखिमों का पता चला है, जो डेटा गोपनीयता,



साइबर सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण, प्रतिस्पर्धा और धन शोधन रोधी नीतियों के अनुपालन से संबंधित अन्य सार्वजनिक नीति उद्देश्यों से टकराते हैं। फिनटेक ऐसी वित्तीय कंपनियों को कहते हैं, जो प्रौद्योगिकी पर काफी अधिक आश्रित होती हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां तेजी से बढ़ सकती हैं और वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकती हैं, जो मौजूदा संस्थानों के बढ़ते विघटन से पैदा हो सकती है।

जारी रिपोर्ट के अनुसार बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां और वित्तीय संस्थानों के बीच जटिल संबंधों के कारण प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रभाव देखने को मिल सकता है। नियामकों को नवाचार को बढ़ावा देने और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों का प्रबंधन करने के बीच एक चुनौतीपूर्ण संतुलन बनाना पड़ता है।

# भारत की ऊर्जा खपत जून में 17.2 प्रतिशत बढ़कर 134.13 अरब यूनिट पर

नई दिल्ली।

भीषण गर्मी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच देश में ऊर्जा की खपत जून, 2022 में सालाना आधार पर 17.2 प्रतिशत बढ़कर 134.13 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। विद्युत मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जून, 2021 में ऊर्जा की खपत 114.48 बीयू रही थी।

जून, 2020 में यह 105.08 बीयू थी। इस साल जून के महीने में आठ तारीख को बिजली की खपत 209.80 गीगावॉट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर रही, जो एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति है। जून 2021 में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति 191.24 गीगावाट और जून 2020 में 164.98 गीगावाट रही थी। कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण जून, 2020 में बिजली की खपत और मांग प्रभावित हुई थी। जून, 2019 में बिजली की खपत 117.98 अरब यूनिट थी। विशेषज्ञों के अनुसार, ऊर्जा की खपत और मांग मुख्य रूप से बहुत अधिक गर्मी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी के कारण बढ़ी है। इससे देश में बिजली की वाणिज्यिक और औद्योगिक आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं।






# मूंडवा तहसीलदार की अध्यक्षता में सीएलजी एवं शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई आयोजित

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा पुलिस थाना परिसर में सीएलजी एवं शांति समिति के सदस्यों की बैठक तहसीलदार पेमाराम चौधरी की अध्यक्षता में एवं सीओ विजय सांखला, थानाधिकारी रिछपाल सिंह, मूंडवा नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष कंदोई की मौजूदगी में आयोजित की गई। जिसमे उदयपुर में हुए विभत्स हत्याकांड की सभी ने निंदा करते हुए इस मामले को लेकर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने की अपील की। इस दौरान मूण्डवा तहसीलदार पेमाराम चौधरी ने सभी से शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने की अपील करते हुए कहा कि इन्टरनेट फिर से खुलने पर भी इस घटना के संबंध में किसी तरह की टिप्पणी सोशल मीडिया या फिर सार्वजनिक जगहों पर करने से बचे,



ताकि शहर का सौहार्द कायम रह सके। मूण्डवा सीओ विजय कुमार सांखला ने बताया कि प्रदेश में धारा 144 लागू है व नेटबंदी है, जिसके तहत कोई भी घटना संबंधी फोटो या वीडियो वायरल नहीं करें। ऐसा करने पर पुलिस द्वारा सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी व सभी अपने समाज के युवाओं को समझाइश कर, सोशियल मीडिया पर संचालित ग्रुपों को एडमिन मोड पर करवा दें , जिससे अनावश्यक किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वाली खबर का प्रसारण नहीं हो सके व किसी भी प्रकार की घटना या छोटी से छोटी सूचना से पुलिस एवं प्रशासन को अवगत करावें, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को होने से पहले रोका जा सके। यह हम सब की जिम्मेदारी है कि समाज के माहौल को खराब होने से बचायें। बैठक में मूंडवा तहसीलदार पेमाराम चौधरी, मूंडवा सीओ विजय कुमार सांखला, मूंडवा थाना अधिकारी रिछपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई, समाजसेवी श्यामसुंदर कंदोई, समाजसेवी गीता देवी काला, मौलाना हाजी कारी रईस अहमद, मौलाना सोहराब आलम, मौलाना असरा उल हक, शिव कुमार चौधरी, महेंद्र काला, शौकीन खोकर, समसुद्दीन कुरेशी, मनोज कुमार सिखवाल, महेश कुमार बंग, एडवोकेट अरुणा, अल्लानूर, विष्णु सदावत, योगेश खत्री, सिकंदर खत्री सहित कई लोग मौजूद रहे।

## स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की आजीविका को बढ़ाने के लिए किया गया ऋण वितरण



पांच समूह सदस्यों को 2.05 लाख का किया गया ऋण वितरण

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मरू श्री महिला विकास समिति मारवाड़ मुंडवा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की आजीविका को बढ़ाने के लिए कार्य करती हैं और आजीविका गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण एवं बचत, आंतरिक लेन देन से महिलाओं को आत्म निर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने का कार्य करती हैं स मरू श्री महिला विकास समिति के अध्यक्षा ललिता नायक ने बताया कि समूह सदस्यों की आजीविका को बढ़ाने के लिए पांच समूह सदस्यों को 2.05 लाख का ऋण वितरण कर उनको आत्मनिर्भर करने हेतु मनोबल बढ़ाया हैं स इस ऋण से महिलाएं अपनी दुकानों में सामान लाकर बेचने से उनकी आय में बढ़ोतरी होगी एवं अपने भविष्य की योजना बना सकेगी।

## उदयपुर में हुई घटना के विरोध में आज मकराना रहेगा बंद



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** सर्व धर्म समाज द्वारा उदयपुर में हुई घटना के विरोध में 2 जुलाई शनिवार को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सम्पूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्कूल, कॉलेज, डायमंड मशीन, माइंस, ट्रांसपोर्ट बंद रहेंगे।

शुक्रवार को उपखण्ड कार्यालय में उपखण्ड अधिकारी जेपीबैरवा की अध्यक्षता में सर्व समाज की एक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान सर्व धर्म के लोगों ने उपस्थित होकर उदयपुर में हुई घटना के विरोध में शांतिपूर्ण बंद रखने का निर्णय लिया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रविराज सिंह, थानाधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा, मकराना विधायक रूपाराम मुरावतिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, कार्यवाहक सभापति अब्दुल सलाम भाटी, अंजुमन संस्था के अध्यक्ष नवाब अली रांदड़, ठाकुर मोहन सिंह चौहान, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष प्रकाश भाकर, घनश्याम सोनी, मोहम्मद असलम चौधरी, अकलियत जमाअत के सदर अब्दुल रहीम गौरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जीएसटी ने कारोबारी सुगमता बढ़ाने में योगदान दिया : पीएम मोदी

नई दिल्ली।

मोदी ने शुक्रवार को माल एवं सेवा कर के पांच साल पूरे होने के मौके पर इसे एक बड़ा कर सुधार बताते हुए कहा कि इसने कारोबारी सुगमता बढ़ाने के साथ ही एक राष्ट्र एक कर की संकल्पना को भी साकार किया।

## शिक्षा विकास का माध्यम : विधायक डॉ. मेघवाल



मिनर्वा इंटरनेशनल स्कूल के नये परिसर एवं मिनर्वा फन गार्डन का भव्य शुभारंभ

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ):** कस्बे के स्थित मिनर्वा इंटरनेशनल स्कूल के नये परिसर एवं मिनर्वा फन गार्डन का भव्य शुभारंभ गुरुवार को विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल द्वारा माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल ने कहा कि शिक्षा विकास का माध्यम है जहां जहा शिक्षा के दीप जलते है। वहां विकास की लो जगमगाती है। अग्रेजी माध्यम शिक्षा आज समय की मांग है खासकर मेडिकल इंजीनियरिंग पढ़ाई में अग्रेजी का महत्व अधिक है। कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गजाधर प्रसाद शर्मा ने बताया कि शिक्षा व्यक्ति को सदैव विनम्र बनाती है। संस्था के निदेशक विनोद चोटिया ने बताया की विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन जरूरी है। अनुशासन से ग्रहण की गई शिक्षा व्यक्ति को हमेशा विन्रम बनाती है। कार्यक्रम में विधालय प्रधानाचार्य अनूप भटनागर ने विद्यालय की गतिविधियों से अवगत करवाया। विद्यालय के सचिव जतिन रिणवा ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में जायल पंचायत समिति प्रधान जीमना देवी गोदारा, अखराज पारीक, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर तापड़ीया, मोहन राम नेतड, रामदेव राव, तरनाऊ सरपंच प्रतिनिधि शैतानराम सांगवा, श्याम सुंदर व्यास ,मोहनराम नेतड़ ,जगदीश चोटिया सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सीएलजी व शांति समिति सदस्यों की बैठक सम्पन्न

# शांति एंव कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ):** स्थानीय पँचायत समिति सभागार में एसडीएम अनिल कुमार ने सीएलजी एंव शांति सदस्यों की बैठक लेकर सभी सदस्यों से कोविड काल के समय की भांति ऐसे संवेदनशील मामलों में भी सहयोग की अपील की। एएसपी विमल नेहरा ने सीएलजी सदस्यों से ऐसे संवेदनशील मामलों से जुड़े वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित नहीं करने व ऐसे लोगों के बारे में प्रशासन को त्वरित सूचना कर शहर की शांति व्यवस्था बनाये रखने की बात कही है। शहर काजी सैय्यद मुहम्मद मदनी ने सोशल प्लेटफॉर्म पर किसी भी धर्म विशेष के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी नहीं करने की अपील की। हाजी इस्माईल टाक ने कहा कि लाडनूँ दो बार ऐसा दंश झेल चुका है ऐसी चिंगारी को आग बनने से पहले हम सभी इसको बुझाने का प्रयास करने का विश्वास दिलाया। एडवोकेट नरेंद्र भोजक ने कहा कि ऐसी घटनाओं से पहले प्रशासन को सतर्कता बरतनी चाहिए उदयपुर की घटना पर समय रहते अंकुश लगजाता तो हत्या की घटना से बचा जा सकता है। नूर मोहम्मद बल्खी ने रात्रि के समय खुली रहने वाली होटलों का समय तय कर वहां बेवजह बैठे रहने वालों पर कार्रवाई की जाए। सीआई राजेन्द्रसिंह कमांडो ने बताया कि शहर की अमन व शांति कानून व्यवस्था बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है किसी भी ग्रुप में ऐसा कुछ हो तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए उन्होंने पत्रकारों एंव सभी सदस्यों का सहयोग से आभार जताया। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर, डीडवाना डिप्टी गोमाराम, पँचायत समिति प्रधान हनुमानराम कासनियां, नगरपालिका चौयरमैन रावत खान , पालिका ई.ओ मघराज डूडी, जगदीश पारीक, सुमित्रा आर्य, पार्षद कामरान बड़गुजर, नोशाद अली सिसोदिया, मुनसफ खान, चेतन भोजक, नेताजी अयूब खान मोयल , शांतिलाल रैगर, मुमताज चौपदार, जयप्रकाश माली, चंदन डूडी, असलम बड़गुजर, हसन खान मोयल, कासिफ बल्खी, बलजी बिसायती, शब्बीर खान लाडवान आदि बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।













# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने किया डॉक्टर्स व सीए का सम्मान



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ):** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने लायनवादी वर्ष 2022-23 के नए सत्र का आगाज डॉक्टर्स एवं सीए की सेवाओं को सम्मानित कर किया। अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, निवर्तमान अध्यक्ष लॉयन वेनीगोपाल मालपानी, सचिव लॉयन विशाल डालुका, संरक्षक लॉयन पवन जैन, प्रशासक लॉयन राम काबरा, उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, सह सचिव लॉयन रचित नंदवाना, लॉयन राजकुमार सोनी ने क्लब सदस्य लॉयन डॉ शकील राव, लॉयन डॉ प्रदीप चौधरी, लॉयन डॉ सरिता कलवानिया, लॉयन डॉ पवन शर्मा एवं लॉयन सीए विमल शर्मा, लॉयन सीए गोविंद असावा, लॉयन सीए प्रतीक



अग्रवाल तथा डॉ भवरलाल कुमावत, डॉ सलीम राव, डॉ जगदीश महला का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया ओर डॉक्टर्स एवं सीए दिवस की शुभकामनाएं दी।

## पुलिस ने मूण्डवा शहर में निकाला फ्लेग मार्च

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** पुलिस ने शहर में फ्लेग मार्च निकाला। उदयपुर में हुवे कन्हैयालाल हत्याकांड मामले को लेकर पुलिस ने शहर के सभी समुदायों को शांति सौहार्द बनाए रखने की अपील की है राज्य में 144 धारा का पालन करने व आपत्तिजनक पोस्ट नही करने की अपील भी की। पुलिस ने फ्लेगमार्च सीओ कार्यालय से रवाना होकर गिरदा से बाजार होते हुवे भट्टड़ो का चौक से मदीना मस्जिद से पंजाबी बाबा की प्याऊ चौराहे तक फ्लेग मार्च निकाला।

## सभापति, उप-सभापति व पार्षदों के मध्य तकरार पर कार्यवाही की चेतावनी

**सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप पर कुचामन नगर कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सख्त**

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ):** कुचामन नगर परिषद सभापति, उपसभापति एवं पार्षदों के मध्य आए दिन होने वाली आपसी तकरार एवं सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप पर कुचामन नगर कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुशासत्मक कार्यवाही करने की चेतावनी जारी की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुचामन नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शेर खान ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर बताया कि गत कुछ महीनों से एवं 27 जून को कुचामन में 'अग्निपथ योजना' के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित सत्याग्रह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में वक्ताओं की सूची में अपना नाम शामिल न करने की बात को लेकर नगर परिषद उपसभापति हेमराज चावला वव पार्षद फ़जलू रहमान कुरैशी के मध्य दो-तीन दिनों से चल रहे सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप को गलत करार देते हुए बताया कि यह पूर्णतया पार्टी का अंदरूनी मामला है। जिस पर सार्वजनिक बयानबाजी कत्तई गलत है। इस संबंध में पार्टी संगठन स्तर पर बात कर प्रकरण का समाधान कर लिया जाएगा तथा पार्टी शीर्ष नेतृत्व को भी अवगत कर दिया जाएगा। आज के पश्चात उक्त प्रकरण के संबंध में किसी भी प्रकार की बयानबाजी होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर डेगाना में निकाला शान्ति मार्च



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** उदयपुर में हुवे जघन्य हत्याकाण्ड के विरोध में डेगाना की आम जनता में भारी रोष है। इस आंतकवादी घटना को लेकर शुक्रवार को डेगाना आमजनता, व्यपारी, सामाजिक संगठन, आरएएस, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अनेक संगठनों ने स्वेछा से अपने अपने प्रतिस्ठान बंद रखे ओर डेगाना मे बालिका स्कूल ,नगरपालिका कार्यालय से सदर बाजार,डिप्टी आफिस, अस्पताल चिरह,तहसील कार्यालय से होते हुवे उपखंड कार्यालय तक शांति मार्च निकाल कर उदयपुर के कन्हेयालाल टेलर की हत्या के विरोध मे अपराधियो को तुरंत फांसी की सजा देने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान लोगो ने भारत माता की जय के नारों के साथ सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।

रेली के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये डेगाना डिप्टी नंदलाल सेंनी व थानाधिकारी सुभाष पुनिया भारी पुलिस बल के साथ मौजुद रहे ताकी किसी प्रकार की कोई घटना ना घटित हो। भाजपा के पुर्व मंत्री अजय सिंह किलक ने राजस्थान सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्यपाल से तुरंत प्रभाव से अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटा कर राज्य मे राष्ट्रपति शासन लगाने की बात कही। मंत्री ने कहा की गहलोत सरकार से राज्य मे अपराध नहीं रुक रहे उदयपुर की घटना मे मुख्यमंत्री के साथ पुलिस प्रशासन भी जिम्मेवार है। सरकार की खुली छूट से प्रदेश में अपराधियो के हौसले बुलंद हो गये। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में भारी भीड़ सुबह दस बजे बालिका स्कूल के सामने से रवाना हुई ओर सबकी जुबान पर एक ही नाम था की हत्यारो को फाँसी की सजा दी जाये ताकी एसी वारदात राजस्थान मे दुबारा करने का कोई साहस नही करे।

इस अवसर पर बिरदीचंद तोषनीवाल, बेनीगोपाल शर्मा, ड़ॉ भंवर सिंह राठौड़, जगदीश तिवारी, मानकचंद तोषनीवाल, सीताराम कटारिया, ओमप्रकाश दर्जी, भीयाराम लोमरोड़ सहित डेगाना व्यपार संघ ओर सामाजिक संगठनों के सेकड़ो लोगो ने भाग लिया।

# कुचामन में जरुरतमंदों को 49 श्रवणयंत्र किए वितरित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ):** महावीर इन्टरनेशल संस्था के 48वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के तहत प्रथम दिन शुक्रवार को महावीर इन्टरनेशनल कुचामनसिटी के तत्वावधान में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर शाखा अजमेर के तत्वाधान में नि:शुल्क ऑडियोमीटरी जाँच शिविर में कुचामन विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नटवरजी बक्ता, माहेश्वरी भवन के ट्रस्टी गोरधनलालजी सोमानी, संस्था के जॉन कोषाध्यक्ष वीर सुभाष पहाड़िया, अध्यक्ष वीर कैलाश पान्ड्या, वीर नन्दकिशोर बिडसर, संस्था के सचिव वीर रामावतार गोयल, सुरेश मेहरा, डॉ. प्रेमप्रकाश चुरु, जुगल शर्मा ने भगवान महावीर के सामने दीप प्रज्जवलन कर, सदस्यों द्वारा प्रार्थना का वाचन कर शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर में रुक-रुक कर सुनने वालों, कम सुनने वालों



की नि:शुल्क ऑडियोमीटरी 75 व्यक्तियों की जाँच कर 49 जरुरतमंद व्यक्तियों को श्रवणयंत्र बी. टी. ई. मशीन वितरण की गई। कार्यक्रम में वीर प्रदीप काला, वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर अजित पहाड़िया, वीर भानुप्रकाश, वीर अशोक अजमेरा, इस्लामजी ने अपनी नि:स्वार्थ सेवाएं देकर शिविर को सफल बनाया। नटवर बक्ता व गोरधनजी सोमानी ने संस्था के द्वारा समय समय पर किये जा रहे सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए साधुवाद दिया, अध्यक्ष वीर सुभाष पहाड़िया ने उपस्थित सदस्यों व आमजन का धन्यवाद दिया और सभी लोगो को बी.टी.ई मशीन के बारे में जानकारी दी।






स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com